SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 16/09/2019

Q1. हाल ही में जारी की गयी आर्थिक स्वतंत्रता रैंकिंग में भारत 17 स्थान बढ़कर कौन से स्थान पर पहुच गया है?

क. 59वें

ख. 69वें

ग. 79वें

घ. 89वें

हाल ही में कारोबारी सुगमता रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के बाद भारत आर्थिक स्वतंत्रता रैंकिंग में 17 स्थान बढ़कर 79वें स्थान पर पहुच गया है. भारत पहले

SarkariExam.Com

96वे स्थान पर था. यह रिपोर्ट कनाडा के थिंक टैंक फ्रेजर इंस्टीट्यूट और भारतीय थिंक टैंक सेंटर फॉर सिविल सोसायटी ने मिलकर जारी की है.

Q2. डिज्नी के सीईओ बॉब आइगर ने किस कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया है?

क. गूगल

ख. माइक्रोसॉफ्ट

ग. अमेज़न

घ. एपल

अमेरिका की एनीमेशन कंपनी डिज्नी के सीईओ बॉब आइगर ने हाल ही में टेक्नोलॉजी कंपनी एपल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया है. वे वर्ष 2011 में एपल के बोर्ड में शामिल हुए थे और कॉरपोरेट गवर्नेंस कमेटी के प्रमुख थे साथ ही कंपनी के कंपेनसेशन बोर्ड में भी थे.

Q3. निम्न में से किसने घोषणा की है की सरकार, अटके हुए अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का योगदान देगी?

क. नरेंद्र मोदी

ख. रामनाथ कोविंद

ग. निर्मला सीतारमण

घ. योगी आदित्यनाथ

SarkariExam.Com

भारत की वित्त मंत्री ने घोषणा की है की सरकार अटके हुए अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का योगदान देगी. साथ ही अटके हुए अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए अन्य निवेशक (एलआईसी, कुछ अन्य संस्थान, बैंक और सॉवरेन फंड) मिलकर इतनी ही रकम निवेशक करेंगे.

Q4. भारत की किस पोलिटिकल पार्टी ने संजय जायसवाल को बिहार और सतीश पूनिया को राजस्थान में नए प्रदेश अध्यक्षों के तोर पर नियुक्त किया है?

क. इंडियन कांग्रेस

ख. जन-समाजवादी पार्टी

ग. जल-कल्याण पार्टी

घ. भारतीय जनता पार्टी

भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में संजय जायसवाल को बिहार और सतीश पूनिया को राजस्थान में नए प्रदेश अध्यक्षों के तोर पर नियुक्त किया है. राजस्थान में मदनलाल सैनी के निधन के बाद खाली पड़े पद पर भाजपा ने सतीश पूनिया को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है.

Q5. एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले चार दशक में देश की टॉप 10 भाषाओं में किस भाषा को बोलने वाले लोगो में बढ़ोतरी हुई है?

क. इंग्लिश

ख. उर्दू

ग. हिंदी

SarkariExam.Com

घ. पंजाब

हाल ही में जारी की गयी एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले चार दशक में देश की टॉप 10 भाषाओं में हिंदी भाषा को बोलने वाले लोगो में बढ़ोतरी हुई है. जबकि इन्टरनेट पर भी हिंदी का विस्तार हो रहा है. 10 वर्षो में हिंदी भाषी 10 करोड़ बढ़ गए है. साथ ही अन्य 9 भाषाएं बोलने वालों की संख्या घटी है.

भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व कप्तान को सोनीपत के राई में हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का पहला चांसलर नियुक्त किया गया है?

क. मोहमद अजरुदीन

ख. कपिल देव

ग. सचिन तेंदुलकर

घ. एमएस धोनी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान गेंदबाज कपिल देव को हरियाणा के सोनीपत के राई में हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का पहला चांसलर नियुक्त किया गया है. सोनीपत के राई में मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ड्स कैंपस में ही इस खेल यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई है.

SarkariExam.Com

Q7. निम्न में से किस देश में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी के दो संयंत्रों पर ड्रोन अटैक होने पर भयंकर आग लग गयी?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. सऊदी अरब

सऊदी अरब में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी के सऊदी अरामको के दो संयंत्रों पर ड्रोन अटैक होने पर भयंकर आग लग गयी है. सऊदी अरामको के दोनों तेल संयंत्र अब्कैक और खुरैस स्थित है.

Q8. यूएन ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत गुहा को किस देश में यूएन मिशन का प्रमुख नियुक्त किया है?

क. चीन

ख. अफ्रीका

ग. यमन

घ. वियतनाम

यूएन के महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत गुहा को हाल ही में यमन में यूएन मिशन का प्रमुख नियुक्त किया है. पिछले कुछ वर्षो से यमन में गृह युद्ध के हालात चल रहे है जिसकी वजह से हजारों लोगों की जान चली गई है.

SarkariExam.Com

Q9. हाल ही में भारत, यूरोपीय देशों सहित 100 से अधिक देशों में बुलेटप्रूफ जैकट निर्यात करने वाला कौन सा देश बन गया है?

क. पहला

ख. दूसरा

ग. तीसरा

घ. चौथा

भारत हाल ही में यूरोपीय देशों सहित 100 से अधिक देशों में बुलेटप्रूफ जैकट निर्यात करने वाला चौथा देश बन गया है. अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी के बाद भारत चौथा देश है. जिसने बुलेटप्रूफ जैकेट पर अपना राष्ट्रीय मानक रखा है और यह मानक 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करता है.

Q10. रानी रामपाल को किस देश के दौरे पर भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. साउथ अफ्रीका

ग. इंग्लैंड

घ. होन्ग-कोंग

भारतीय महिला हॉकी खिलाडी रानी रामपाल को इंग्लैंड दौरे पर भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है. 27 सितंबर से मारलो में शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला में भारतीय हॉकी टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी.

SarkariExam.Com

Q11. निम्न में से किस कंपनी ने हाल ही में “ब्रिज” नाम से एक ग्लोबल इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है?

क. एमजी मोटर इंडिया

ख. हुंडई मोटर्स

ग. हौंडा मोटर्स

घ. शिक्षा मंत्रालय

एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में “ब्रिज” नाम से एक ग्लोबल इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है. यह 2 महीने की इंटर्नशिप होगी जिसमें विदेश के छात्रों को एमजी मोटर इंडिया की मैन्युफैक्चरिंग और रिटेल अप्प्रोच के बारे में पढ़ाया जाएगा.

Q12. भारत के एथलीट मयंक वैद ने वर्ल्ड की सबसे कठिन रेस एंडुरोमन ट्रायथलन को कितने समय में जीतकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

क. 45 घंटे 24 मिनट

ख. 40 घंटे 19 मिनट

ग. 50 घंटे 24 मिनट

घ. 52 घंटे 49 मिनट

भारत के एथलीट मयंक वैद ने वर्ल्ड की सबसे कठिन रेस एंडुरोमन ट्रायथलन को 50 घंटे 24 मिनट में जीतकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है. उनसे पहले यह रिकॉर्ड बेल्जियम के जूलियन डेनेयर ने 52 घंटे 30 मिनट में रेस पूरी करके बनाया था. साथ ही इस रेस को जीतने वाले एशिया के पहले और दुनिया के 44वें एथलीट बन गए है.

SarkariExam.Com

Q13. केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दिस्कित गांव में किस बैंक ने अपनी नई शाखा खोली है?

क. पंजाब नेशनल बैंक

ख. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ग. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

घ. यस बैंक

भारत के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दिस्कित गांव में अपनी नई शाखा खोली है. दिस्कित गांव समुद्र तल से 10,310 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है और इस ब्रांच का उद्घाटन नुब्रा घाटी में एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने किया है.

Q14. भारत ने आसियान देशों के छात्रों को आईआईटी में कितनी पीएचडी फैलोशिप देने की घोषणा की है?

क. 200 पीएचडी

ख. 500 पीएचडी

ग. 700 पीएचडी

घ. 1000 पीएचडी

भारत ने आसियान देशों के छात्रों को आईआईटी में 1000 पीएचडी फैलोशिप देने की घोषणा की है. ये फैलोशिप देश के 23 आईआईटी संस्थानों में उपलब्ध होंगी. साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियार योजना की शुरुआत करेंगे.

SarkariExam.Com

Q15. 16 सितम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व सुरक्षा दिवस

ख. विश्व ओजोन दिवस

ग. विश्व विज्ञानं दिवस

घ. विश्व महिला दिवस

16 सितम्बर को विश्वभर में विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगो को धूप में निकलते समय अल्ट्रा वायलेट किरणों से सावधान रहने और ओजोन को संरक्षित रखने वाले उत्पादों का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक करना है.

Q16. ओप्पो कंपनी ने भारतीय क्रिकेट टीम के टाइटल स्पॉन्सर का अधिकार किस कंपनी को बेच दिया है?

क. गूगल

ख. पेटीएम

ग. शोमी

घ. बायजू

ओप्पो कंपनी ने भारतीय क्रिकेट टीम के टाइटल स्पॉन्सर का अधिकार बायजू को बेच दिया है. साथ ही कप्तान विराट कोहली, उपकप्तान रोहित शर्मा और कोच रवि शास्त्री ने नई जर्सी लांच की है जिसमे अब ओप्पो की जगह बायजू का नाम लिखा होगा.

SarkariExam.Com

Q17. भारत के किस बैडमिंटन खिलाड़ी ने चीन के फेई जियांग सुन हराकर वियतनाम ओपन खिताब जीत लिया है?

क. पुल्लेला गोपीचन्द्र

ख. लक्ष्य सेन

ग. परुपल्ली कश्यप

घ. सौरभ वर्मा

भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सौरभ वर्मा ने फाइनल में चीन के फेई जियांग सुन 21-12, 17-21, 21-14 से हराकर वियतनाम ओपन खिताब जीत लिया है. इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सौरभ वर्मा ने जापान के मिनोरू कोगा को 22-20, 21-15 से हराया था.

Q18. भारत के किस युवा शटलर ने दूसरी सीड विक्टर स्वेंड्सन को 21-14 21-15 से हराकर बेल्जियन इंटरनेशनल चैलेंज खिताब जीत लिया है?

क. पुल्लेला गोपीचन्द्र

ख. लक्ष्य सेन

ग. परुपल्ली कश्यप

घ. सौरभ वर्मा

भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन ने दूसरी सीड विक्टर स्वेंड्सन को 21-14 21-15 से हराकर बेल्जियन इंटरनेशनल चैलेंज खिताब जीत लिया है. लक्ष्य सेन ने यूथ ओलम्पिक में यह मुकाबला 34 मिनट में जीत लिया.

SarkariExam.Com

Q19. भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 5 रन से हराकर लगातार कौन सी बार एशिया कप जीत लिया है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. सातवी बार

भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 5 रन से हराकर लगातार दूसरी बार एशिया कप जीत लिया है. फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने 32.4 ओवर में 106 रन बनाए थे और बांग्लादेश टीम की टीम 101 रन पर ऑल आउट हो गई थी.

Q20. पकिस्तान की किस पोलिटिकल पार्टी के संस्थापक मौलवी ताहिर-उल-कादरी ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है?

क. मौलवी-उल-कादरी तहरीक

ख. पाकिस्तानी अवामी तहरीक

ग. पाकिस्तानी सुरक्षा तहरीक

घ. पाकिस्तानी उन्नति तहरीक

पाकिस्तानी अवामी तहरीक (पीएटी) पार्टी के संस्थापक मौलवी ताहिर-उल-कादरी ने हाल ही में राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है. उन्होंने कहा है की वे अब अकादमिक कार्यों पर ध्यान देना चाहते हैं.

SarkariExam.Com